खबर संक्षेप



स्व सहायता समूहों से सामग्री खरीदने की अपील

सतना। चित्रकूट में 25 से 27 अक्टूबर तक शरदोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कृषि और स्थानीय स्व सहायता समूहों द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई गई हैं। मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत गठित स्व सहायता समूहों के स्टाल का नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी,कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस,पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह एवं सीईओ जिला पंचायत सपना त्रिपाठी के द्वारा निर्मित आजीविका उत्पादों का अवलोकन कर स्व सहायता समूहों के उत्पाद क्रय किये गए। राज्यमंत्री द्वारा समूह की दीदियों से सामग्री खरीदी गई। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस द्वारा समूहों के उत्पाद का अवलोकन कर उनको और बेहतर तथा ज्यादा मात्रा में उत्पाद बनाने के सुझाव दिए गए। पुलिस अधीक्षक श्री सिंह द्वारा भी बने हुए उत्पादों का स्वाद लिया गया। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सपना त्रिपाठी द्वारा सभी समूहों के उत्पादों की विस्तृत जानकारी ली गई उनको और अधिक सफाई लाने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर उपस्थित सभी कर्मचारियों को स्व सहायता समूहों के उत्पाद खरीदने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

स्वच्छता नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई तेज, तीन दिनों में 9,500 जुर्माना वसूला

आयुक्त डॉ.नागार्जुन बी.गौड़ा के निर्देश पर लगातार तीसरे दिन कार्रवाई, 33 लोगों एवं प्रतिष्ठानों पर जुर्माना



सतना। शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर आयुक्त डॉ.नागार्जुन बी.गौड़ा द्वारा समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के बाद नगर निगम ने सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई तेज कर दी है। सोमवार को निगम अमले ने कामता टोला,बाजार क्षेत्र एवं प्रमुख मार्गों पर गंदगी फैलाने तथा अमानक पॉलीथिन के फुटकर विक्रय के मामलों में 14 लोगों एवं प्रतिष्ठानों से 3,750 का स्थल जुर्माना वसूला। इससे पहले 24 अक्टूबर को टाउन हॉल सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर 12 लोगों एवं प्रतिष्ठानों से 4,000 तथा 25 अक्टूबर को वार्ड क्रमांक 36 कामता टोला में 7 लोगों से 1,750 का जुर्माना वसूला गया था। इस प्रकार तीन दिनों में कुल 33 लोगों एवं प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई कर 9,500 की वसूली की गई है। सोमवार को वार्ड क्रमांक 36 कामता टोला एवं बाजार क्षेत्र में कार्रवाई के दौरान ज्ञान शर्मा,शाकिब,अवधकिशोर द्विवेदी एवं संदीप गुप्ता से 250-250 तथा मनीष गुप्ता से 500 का जुर्माना वसूला गया। इस क्षेत्र में कुल 1,500 की वसूली हुई। इसी प्रकार सर्किट हाउस से भरहुत नगर मोड़ तक फुटपाथ पर गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कमलेश साहू,प्रिंस कुशवाहा,शंकर जूस फ्रूट सेंटर,शंकर जूस,रवि कुमार गुप्ता,संदीप पांडे,कान्हा गुप्ता,छोटेलाल पटेल एवं रमेश पोहा से 250-250 के हिसाब से कुल 2,250 का जुर्माना वसूला गया। आयुक्त डॉ.नागार्जुन बी.गौड़ा के निर्देशानुसार दुकानदारों एवं फुटपाथ पर व्यवसाय करने वालों को अपने प्रतिष्ठानों के आसपास सफाई रखने तथा कचरा डस्टबिन में एकत्रित कर नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहन को ही देने के निर्देश दिए गए हैं। सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने और अमानक पॉलीथिन का विक्रय करने वालों के विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

सच, सत्ता और समाज के सवालों से रूबरू कराता रमाकांत मिश्र का काव्य संग्रह विमोचित

सतना।

मध्य प्रदेश प्रगतिशील लेखक संघ (प्रलेस) के 14वें प्रांतीय सम्मेलन में सतना के वरिष्ठ साहित्यकार एवं अधिवक्ता रमाकांत मिश्र के प्रथम कविता संग्रह 'सच के कटघरे में खड़ा समय' का भव्य विमोचन किया गया। इंदौर में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में देश-प्रदेश के वरिष्ठ साहित्यकारों की उपस्थिति में कृति का लोकार्पण हुआ।सम्मेलन में सतना जिला और नागौद इकाई से एडवोकेट रमाकांत मिश्र,विजयशंकर चतुर्वेदी,डॉ.रामयश बागरी,योगेश योगी,टीपी पाण्डेय और अजीत सिंह कुंवर शामिल हुए। इस दौरान 'प्रतिरोध का अतीत और वर्तमान की चुनौतियां' विषय पर विमर्श भी हुआ। लोकार्पण समारोह में प्रलेस के राष्ट्रीय महासचिव प्रो.सुखदेव सिंह सिरसा,वरिष्ठ लेखक जितेंद्र भाटिया,शैला चित्रे,कथाकार रणेन्द्र,हरिओम राजौरिया,कवि पवन करण,राष्ट्रीय सचिव विनीत तिवारी और कवि कुमार अंबुज सहित सारिका श्रीवास्तव,आरती और शैलेन्द्र सिंह शैली मौजूद रहे।वक्ताओं ने संग्रह की कविताओं को समकालीन सामाजिक-राजनीतिक विसंगतियों का बेबाक चित्रण बताते हुए कहा कि रचनाएं पाठकों को



आत्ममंथन और सामाजिक चेतना के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने रमाकांत मिश्र के लेखन की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य के साहित्यिक सृजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

चार दशकों के अनुभवों की काव्यात्मक अभिव्यक्ति

रमाकांत मिश्र चार दशकों से विधि, पत्रकारिता, साहित्य, राजनीति और समाजसेवा में सक्रिय हैं। एल एल बी,राजनीति शास्त्र में एमए तथा पत्रकारिता एवं जनसंचार में उच्च शिक्षा प्राप्त मिश्र ने विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवों को अपनी कविताओं में बेबाकी से अभिव्यक्त किया है।

नागौद के लिए गौरव

सतना जिले के नागौद निवासी रमाकांत मिश्र के काव्य संग्रह का प्रकाशन उनकी दीर्घ साहित्य साधना का महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह उपलब्धि नागौद और विंध्य क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है।

स्थापना दिवस मनाये जाने संबंधी बैठक आज

सतना। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस 1 नवम्बर 2026 को मनाये जाने संबंधी बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में 27 अक्टूबर को सायं 4 बजे आयोजित की जायेगी। अपर कलेक्टर विकास सिंह ने बैठक में संबंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

धान की किस्में और पारंपरिक कृषि यंत्रों का अनूठा संसार देख चकित हुए प्रतिनिधि

संघ के प्रांत संयोजक पहुंचे पिथौराबाद,पद्मश्री दाहिया द्वारा विकसित किए गए बीज बैंक और संग्रहालय का किया अवलोकन

सतना।

विलुप्त होती पारंपरिक धान की किस्मों और पुरातन कृषि परंपराओं को सहेजने में पद्मश्री बाबू लाल दाहिया के प्रयास प्रेरणास्रोत बन रहे हैं। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था सर्जना सामाजिक,सांस्कृतिक एवं साहित्यिक मंच,पिथौराबाद के प्रतिनिधियों ने पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के आरएसएस प्रांत संयोजक रामकृष्ण के साथ पहुंचकर उनके संरक्षण कार्यों का अवलोकन किया।

धान की विविध किस्में देख अचंभित हुए प्रतिनिधि

पद्मश्री बाबूलाल दाहिया के खेत में धान की करीब 200 पारंपरिक किस्में अलग-अलग रंगों और विशेषताओं के साथ संरक्षित हैं। इतनी विविध किस्मों को एक ही



खेत में देखकर प्रतिनिधि आश्चर्य चकित रह गए। दाहिया के पुत्र सुरेश दाहिया ने खेत का भ्रमण कर विभिन्न किस्मों के गुण,विशेषताएं और उपयोगिता की जानकारी दी।अवलोकन के दौरान प्रतिनिधियों ने पारंपरिक धान,गेहूं और मोटे अनाज के संरक्षित बीजों के बैंक के साथ दुर्लभ प्रायः कृषि यंत्रों से सुसज्जित संग्रहालय भी देखा। पद्मश्री दाहिया ने दुर्लभ पौधा दहिमन और सिंदूर का पौधा भेंट किया।यह संग्रह ग्रामीण जीवन,पारंपरिक खेती और पुरानी कृषि तकनीकों की विरासत को सहेजने का अनूठा प्रयास है। इसे देखने देश-विदेश से लोग पहुंचते हैं।

आने वाली पीढ़ियों के लिए अनमोल धरोहर

प्रांत संयोजक रामकृष्ण ने कहा कि पारंपरिक बीजों का संरक्षण कृषि जैव विविधता को बचाने के साथ आने वाली पीढ़ियों तक कृषि परंपराओं और पारंपरिक ज्ञान को पहुंचाने का सशक्त माध्यम है।ऐसे प्रयास समाज को पर्यावरण संरक्षण और अपनी विरासत के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक आशीष ताम्रकार,उचेहरा विकासखंड समन्वयक विश्वनाथ रैदास और परामर्शदाता ओमप्रकाश त्रिपाठी सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

स्वर्णकार समाज ने मनाई आदि देव महाराजा अजमीढ़ जी की जयंती, गूंजी स्वर्णकार गूंज

सतना

'स्वर्णकार गूंज' समारोह का शुभारंभ आदि देव की पूजा-अर्चना से हुआ।स्वर्णकार समाज ने प्रातः 9:00 बजे से अपने आदि देव महाराजा अजमीढ़ जी की पूजा-अर्चना प्रारंभ की। इसमें स्वर्णकार समाज के वरिष्ठ समाजसेवी रामखेलावन सोनी,सुरेश कुमार सोनी,रामनारायण सोनी,रामफल सोनी,गणेश प्रसाद सोनी,संतोष सोनी,फूलचंद सोनी आदि उपस्थित रहे। सभी ने आदिदेव की सामूहिक रूप से पूजन और आरती की तथा अपने आदि देव से स्वर्णकार गूंज की सफलता का वरदान प्राप्त किया।



आयोजित की गई ऐतिहासिक शोभायात्रा

आदि देव महाराजा अजमीढ़ जी की शोभायात्रा गुरुद्वारा मैदान से प्रारंभ होकर सतना के विभिन्न चौराहों से गुजरी। इसमें सिटी कोतवाली,जयस्तंभ चौक,बिहारी चौक,पन्नीलाल चौक,अस्पताल चौक,पुष्पराज कॉलोनी,स्टेशन रोड,सर्किट हाउस,बस स्टैंड चौक और सिमरिया चौक होते हुए बीटीआई मैदान में समापन हुआ। शोभायात्रा में आदि देव की सजीव झांकी एवं चित्रों से सुशोभित झांकियां रहीं। दो जिप्सियों में मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि विराजमान थे। शोभायात्रा में लगभग 6000महिला-पुरुष शामिल रहे। सभी के जयकारों से सतना की गलियां गुंजायमान हो गईं। सभी मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण कर अंग वस्त्र,शॉल एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

स्वर्णकार गूंज में दिया उद्बोधन

मुख्य अतिथि कैलाश सोनी ने धारा 411 से बचने के लिए कहा कि सोने-चांदी का व्यापारी विधिवत रसीद बुक का संधारण करे और पुलिस के समक्ष प्रस्तुत करे,तो पुलिस कार्रवाई में सरलता होगी। विशिष्ट अतिथि सुनील सराफ,पूर्व विधायक कोतमा,ने अपने वक्तव्य में 'स्वर्णकार गूंज' कार्यक्रम की सामाजिक एकता पर बल दिया। इस मौके पर देवदत्त सोनी ने कहा कि समाज की सेवा सर्वोपरि है। हमें जागरूक रहकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। अजय सराफ,अध्यक्ष ने कहा कि स्वर्णकार समाज की राजनीति में भागीदारी मजबूत है। वहां कुल 15 पार्षदों में सात पार्षद स्वर्णकार समाज के हैं। अजय सोनी,विशिष्ट



अतिथि ने कहा कि समाज अपनी राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर चले और अपने लक्ष्य की प्राप्ति करे। विशिष्ट अतिथि दुर्गेश सोनी ने कहा कि स्वर्णकला बोर्ड का पुनर्गठन किया जाना अति आवश्यक है। उन्होंने स्वर्णकार गूंज का ऐतिहासिक आयोजन भोपाल में प्रदेश स्तर पर करने की बात कही। विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर अनंत कुमार सोनी ने कहा कि शिक्षा से समाज का विकास होता है और हमें अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देना चाहिए। स्वर्णकार समाज सतना के पूर्व अध्यक्ष अमित सोनी ने कहा कि सतना में आयोजित 'स्वर्णकार गूंज' सामाजिक दृष्टि से ऐतिहासिक रही। समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर समर्पण भाव से भागीदारी की। सम्मान के लिए स्वर्णकार समाज सतना द्वारा गजमाला भेंट की गई।

समाज की बालिकाओं ने प्रस्तुत की गणेश वंदना

महाराजा अजमीढ़ जयंती एवं स्वर्णकार गूंज समारोह में समाज की बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना नृत्य का सभी ने तालियों की आवाज से स्वागत किया। पूर्व सचिव सुरेश कुमार सोनी ने अपनी रचना 'स्वर्णकार गूंज' प्रस्तुत की।

सभा का सफल संचालन किया गया

सभा का सफल संचालन अरविंद सोनी,सेवानिवृत्त उद्घोषक,आकाशवाणी भोपाल एवं स्वर्णकार समाज के सचिव संतोष सोनी द्वारा किया गया।

पदाधिकारियों ने किया अतिथियों का सम्मान

स्वर्णकार समाज सतना के अध्यक्ष कैलाश सोनी,कोषाध्यक्ष लक्ष्मीकांत सोनी,पप्पू भैया,उपाध्यक्ष संतोष सोनी (भोले) और उपाध्यक्ष ललित सोनी सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा मंचासीन अतिथियों का स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया गया। संतोष सोनी,सचिव द्वारा स्वागत,पुष्पगुच्छ एवं सम्मान किया गया।

गोपाल-कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना से बढ़ेगा दुग्ध उत्पादन, पशुपालकों को मिलेंगे नकद पुरस्कार

मैहर। मध्यप्रदेश शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना के अंतर्गत गोपाल-कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना के क्रियान्वयन को स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना का उद्देश्य दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देना,उन्नत देशी नस्ल की गायों के पालन को प्रोत्साहित करना तथा पशुपालकों की आय में वृद्धि करना है। योजना के प्रथम वर्ष में प्रदेश के 208 ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों में चयनित 208 वृंदावन ग्रामों में प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। वर्ष 2026-27 से वर्ष 2030-31 तक प्रदेश के सभी 313 विकासखंडों में विकासखंड स्तर पर प्रतियोगिताएं होंगी। प्रतियोगिता में ऐसे पशुपालक भाग ले सकेंगे,जिनकी गाय का प्रतिदिन दुग्ध उत्पादन छह लीटर या उससे अधिक है। योजना सभी वर्गों के पशुपालकों के लिए लागू होगी।

तीन श्रेणियों में मिलेंगे पुरस्कार

योजना के अंतर्गत श्रेष्ठ दुग्ध उत्पादक गाय के पशुपालकों को प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपये,द्वितीय पुरस्कार 50 हजार रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 25 हजार रुपये प्रदान किए जाएंगे। योजना के माध्यम से गिर,साहीवाल,थारपारकर सहित अन्य उन्नत स्वदेशी नस्लों के संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा मिलेगा। पुरस्कार राशि का उपयोग देशी गोवंशीय पशुधन के क्रय,संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किया जाएगा।

चित्रकूट में तीन दिवसीय शरदोत्सव का शुभारंभ







भक्ति गायन,नृत्य और संगीत की प्रस्तुतियों से सजी सांस्कृतिक संध्या

सतना।

मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा तुलसी शोध संस्थान,चित्रकूट के समन्वय से शरद पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय शरदोत्सव का रविवार को शुभारंभ हुआ। चित्रकूट स्थित उद्यमिता विद्यापीठ,दीनदयाल परिसर में आयोजित समारोह का शुभारंभ मध्यप्रदेश शासन की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने राष्ट्रऋषि भारत रत्न नानाजी देशमुख की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। शरदोत्सव के पहले दिन स्थानीय कलाकारों एवं लोक गायक पवन तिवारी ने भक्ति गायन,नृत्य एवं संगीत की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर सांस्कृतिक वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शरद पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित यह उत्सव भारतीय संस्कृति,कला और आध्यात्मिक परंपराओं को समर्पित है।

27 अक्टूबर को मैहर वाद्यवृंद की प्रस्तुति

उत्सव के अंतिम दिन 27 अक्टूबर को मुंबई के श्रीराम अय्यर द्वारा भक्ति सुगम गायन प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं शासकीय संगीत महाविद्यालय मैहर का मैहर वाद्यवृंद अपनी सांस्कृतिक एवं संगीतमय प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेगा। कार्यक्रम से पूर्व राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी द्वारा कार्यक्रम स्थल में लगाए गए विभिन्न स्टालों का भी निरीक्षण किया गया।

खबर संक्षेप

कमरे को किराये पर देने के विवाद में युवती से मारपीट, पिता पर फावड़े से हमला करने का आरोप

अमानगंज। थाना क्षेत्र के ग्राम इटौरी की हरिजन बस्ती में कमरे को किराये पर देने को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। फरियादिया पुष्पा सिंह राजपूत (22), निवासी ग्राम इटौरी ने थाना अमानगंज पहुंचकर अपने चचेरे भाइयों अंशुल सिंह राजपूत और दीपक सिंह राजपूत के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई हैं।पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, 26 अक्टूबर को दोपहर करीब 12 बजे पुष्पा अपने घर के सामने मौजूद थी। इसी दौरान एक व्यक्ति उसके चाचा का कमरा किराये पर लेने पहुंचा। पुष्पा ने कमरे को लेकर पारिवारिक विवाद होने की बात कहते हुए उसे किराये पर लेने से मना किया। आरोप है कि इसी बात पर अंशुल सिंह राजपूत ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की, जिससे उसके घुटने और कमर में चोटें आईं। शिकायत के मुताबिक, पुष्पा के पिता फूलसिंह राजपूत बीच-बचाव करने पहुंचे तो दीपक सिंह राजपूत ने कथित तौर पर फावड़े से उनके सिर पर हमला कर दिया, जिससे उनके सिर के बाईं ओर चोट आई। घटना के दौरान फरियादिया की बहन सीमा सिंह और मौसी सुनीता सिंह राजपूत भी मौके पर मौजूद थीं, जिन्होंने बीच-बचाव किया। फरियादिया ने दोनों आरोपियों पर जाते समय उसे और उसके परिवार को जान से खत्म करने की धमकी देने का आरोप भी लगाया है। पुलिस ने दर्ज किया मामला - फरियादिया की रिपोर्ट पर अमानगंज थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (ठछै) की धारा 296(इ), 115(2), 351(3) एवं 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। मामले में पुलिस द्वारा आगे की जांच की जा रही है।

राजकुमारी देवांजना सिंह ने जीते 1 स्वर्ण और 3 रजत पदक



देवेन्द्रनगर। अजयगढ़ राजपरिवार के सदस्य महाराज साहब (बमुरी) की पुत्री राजकुमारी देवांजना सिंह ने राजकुमार कॉलेज, रायपुर (छत्तीसगढ़) में 23 से 27 अक्टूबर 2026 तक आयोजित ऑल इंडिया बॉयज एंड गर्ल्स आर्चरी एंड शूटिंग चौंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने धनुर्विद्या (आर्चरी) प्रतियोगिता में 1 स्वर्ण और 3 रजत पदक जीतकर परिवार, विद्यालय और पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष भी राजकुमारी देवांजना सिंह ने मेयो कॉलेज, अजमेर में आयोजित प्रतियोगिता में 2 स्वर्ण और 2 रजत पदक प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया था। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों, शुभचिंतकों और क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पिता के संघर्ष, संस्कारों और पुत्र की सफलता का गौरवपूर्ण उदाहरण





देवेंद्रनगर। नगर के लिए 24 अक्टूबर 2026 का दिन ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण रहा, जब रेलवे लाइन का उद्घाटन हुआ और देवेंद्रनगर से चुरहट के लिए पहली मेमो ट्रेन रवाना हुई। इस ऐतिहासिक अवसर पर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों, सांसद एवं विधायक सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में देवेंद्रनगर रेलवे स्टेशन पर स्टेशन मास्टर के रूप में श्री भूपेंद्र कुमार कुशवाहा जी की उपस्थिति भी नगर के लिए गौरव की बात रही। भूपेंद्र जी, श्री जगन्नाथ कुशवाहा जी के सुपुत्र हैं, जो सरस्वती शिशु मंदिर, देवेंद्रनगर में आचार्य सहायक के पद पर कार्यरत हैं। सीमित संसाधनों और छोटी-सी नौकरी के बावजूद जगन्नाथ जी ने अपने बच्चों की शिक्षा और संस्कारों में कोई कमी नहीं आने दी। उनकी सुपुत्री भी शासकीय सेवा में चयनित हुई हैं और उनके अन्य बच्चे भी प्रतिभाशाली हैं। जगन्नाथ जी की जीवटता, त्याग और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के प्रति समर्पण अपने आप में एक प्रेरणादायक उदाहरण है। यह उपलब्धि बताती है कि माता-पिता के संघर्ष, अच्छे संस्कार और शिक्षा के प्रति समर्पण से बच्चों के सपनों को नई उड़ान मिलती है। इस सफलता में सरस्वती शिशु मंदिर, शिक्षा भारती एवं सरस्वती विद्या परिषद की शिक्षा, संस्कार और मार्गदर्शन का भी महत्वपूर्ण योगदान है। इन संस्थाओं से शिक्षा प्राप्त विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में सफलता हासिल कर अपने परिवार, समाज और विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। जगन्नाथ कुशवाहा जी एवं उनके पूरे परिवार को हार्दिक बधाई। श्री भूपेंद्र कुमार कुशवाहा जी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए सफलता की नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करें।

मझगांय बांध आंदोलन को मिला बृंदा करात का समर्थन

भोपाल से दिल्ली तक गूंजेगी विस्थापितों की आवाज

'मोदी और मोहन की डबल इंजन सरकार की लूट को आप लोग रोक रहे हैं, मैं आपको सलाम करती: बृंदा करात अमित भटनागर और दिव्या अहिरवार के संघर्ष को मिला राष्ट्रीय स्तर का समर्थन, मझगाये, रुंझ और केन-बेतवा परियोजनाओं से जुड़े मुद्दे उठाने का ऐलान





पन्ना। मुआवजे और विस्थापन से जुड़ी समस्याओं को लेकर मझगाये बांध पर महीनों से जारी आंदोलन को अब राष्ट्रीय स्तर पर समर्थन मिलने लगा है। आंदोलन के समर्थन में पूर्व राज्यसभा सांसद एवं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की वरिष्ठ नेता बृंदा करात अजयगढ़ पहुंचीं। उन्होंने आंदोलनकारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके हक की आवाज भोपाल से लेकर दिल्ली तक बुलंद करने की घोषणा की।आंदोलन का नेतृत्व कर रहे समाजसेवी अमित भटनागर और दिव्या अहिरवार लंबे समय से प्रभावित परिवारों के मुआवजे एवं विस्थापन से जुड़े मुद्दों को लेकर आवाज उठा रहे हैं। बृंदा करात के पहुंचने से आंदोलनकारियों को नया संबल मिला है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रभावित लोगों के अधिकारों और न्याय की मांग को व्यापक स्तर पर उठाया जाएगा।

एक युवती से डर गई सरकार', दिव्या अहिरवार के मामले पर उठाए सवाल

आंदोलनकारियों को संबोधित करते हुए बृंदा करात ने सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आयोजित सम्मेलन के दौरान अमित भटनागर और दिव्या अहिरवार ने आदिवासियों की आवाज उठाई, लेकिन इसके बाद उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ा। दिव्या अहिरवार की गिरफ्तारी का उल्लेख करते हुए उन्होंने इसे अन्यायपूर्ण बताया और कहा कि एक युवती की आवाज से सरकार डर गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां आम लोगों और आदिवासियों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है, वहीं गंभीर आरोपों का सामना कर रहे अन्य लोग खुलेआम घूम रहे हैं। बृंदा करात ने कहा, "मोदी और मोहन की डबल इंजन सरकार की लूट को आप लोग रोक रहे हैं, मैं आपको सलाम करती हूं। उन्होंने आंदोलनकारियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि उनके संघर्ष में अब लाल झंडा भी जुड़ चुका है। उन्होंने कहा कि इस संघर्ष को न खरीदा जा सकता है और न ही झुकाया जा सकता है।

मझगाये, रुंझ और केन-बेतवा परियोजनाओं के मुद्दे उठाने का ऐलान

बृंदा करात ने मझगाये बांध आंदोलन को प्रभावित परिवारों के अधिकारों और न्याय से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा बताते हुए इसकी आवाज प्रदेश की राजधानी भोपाल से लेकर देश की राजधानी दिल्ली तक पहुंचाने की बात कही। उन्होंने संकेत दिया कि मुआवजे, विस्थापन और आदिवासियों से जुड़े मुद्दों को व्यापक मंच पर उठाया जाएगा। उनके समर्थन से आंदोलनकारियों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। अब देखना होगा कि महीनों से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे प्रभावित परिवारों को कब तक न्याय और उनका हक मिल पाता है।

आंदोलन में ये लोग रहे मौजूद

इस दौरान समाजसेवी अमित भटनागर, मध्य प्रदेश के राज्य सचिव जसविंदर सिंह, धर्मेंद्र पटेल, सीपीआई के जिला सचिव केश कुमार कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में आंदोलनकारी मौजूद रहे।



महर्षि वाल्मीकि जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई, बड़ी माता मंदिर में जुटा वाल्मीकि समाज

अमानगंज। आदि कवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती अमानगंज में बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बड़ी माता मंदिर में वाल्मीकि समाज के वरिष्ठजनों एवं समाज के लोगों की उपस्थिति में जयंती समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महर्षि वाल्मीकि के जीवन, उनके आदर्शों और उनके द्वारा रचित रामायण के महत्व को स्मरण किया गया। जयंती समारोह में राकेश वाल्मीकि, काशीराम वाल्मीकि, रामस्वरूप वाल्मीकि, सफाई यूनियन अध्यक्ष अरुण वाल्मीकि एवं पन्ना जिला कार्यवाहक अध्यक्ष अजय सिगोते सहित वाल्मीकि समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान समाज के लोगों ने महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों पर चलने तथा उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। पूरे आयोजन में श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक एकता का वातावरण देखने को मिला। महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

मध्यरात्रि में रासमंडल में हुआ राज जी का पदार्पण, ब्रह्म चबूतरे पर रातभर झूमे सुंदरसाथ





सोलह शृंगार में सजीं महिलाएं, रंग-बिरंगी पोशाकों में नजर आए पुरुष; प्रेम, भक्ति और समर्पण से सराबोर रहा पन्ना धाम

पन्ना। अंतरराष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव के अंतर्गत श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर के विशाल ब्रह्म चबूतरे पर मध्यरात्रि में रासमंडल में राज जी के पदार्पण के साथ ही रास की लीलाएं प्रारंभ हो गईं। देखते ही देखते पूरा परिसर प्रेम, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर हो उठा। देश-विदेश से आए सुंदरसाथ के साथ स्थानीय धामी समाज के श्रद्धालु भी रास-गरबा में शामिल होकर भक्ति के इस अनूठे आनंद में डूबे नजर आए। रासमंडल में अलग-अलग टोलियों में महिला-पुरुष, युवक-युवतियां पारंपरिक अंदाज में रास-गरबा करते हुए अपने प्रीतम राज जी को रिझाते रहे। सोलह शृंगार से सजी महिलाएं एवं युवतियां अपनी सुंदर वेशभूषा और भक्तिभाव से आकर्षण का केंद्र रहीं, वहीं पुरुष वर्ग भी रंग-बिरंगी पारंपरिक पोशाकों में रास की मस्ती में मग्न दिखाई दिया। हर ओर भक्ति, उल्लास और प्रेम की ऐसी छटा बिखरी कि श्रद्धालु स्वयं को इस दिव्य वातावरण से अलग नहीं रख सके।

प्रेम और समर्पण का अनूठा संगम

श्री प्राणनाथ जी की रास लीलाओं की विशेषता यह रही कि यहां प्रेम केवल उत्सव का भाव नहीं, बल्कि परमात्मा से आत्मिक जुड़ाव और उनके प्रति पूर्ण समर्पण का माध्यम बना। श्रद्धालु अपने आराध्य के प्रति प्रेम निवेदित करते हुए रास-गरबा में लीन रहे। मानो हर कदम, हर ताल और हर भाव अपने प्रीतम राज जी के चरणों में समर्पित हो।पूरी रात चले इस आध्यात्मिक आयोजन में देश-विदेश से आए सुंदरसाथ, स्थानीय धामी समाज, नगरवासियों और श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। ब्रह्म चबूतरे पर दिखाई दिया यह अनुपम दृश्य पन्ना धाम की विशिष्ट आध्यात्मिक परंपरा और गहरी धार्मिक आस्था का जीवंत उदाहरण बना। श्रद्धालुओं ने रास की लीलाओं का आनंद लेकर स्वयं को धन्य और आध्यात्मिक रूप से तृप्त महसूस किया।

पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ विभागीय अधिकारी शासकीय दायित्वों का करें निर्वहन: सांसद

लापरवाह ठेकेदारों के विरुद्ध हो कड़ी कार्रवाई







सिंचाई परियोजनाओं से विस्थापित परिवारों का बेहतर पुनर्वास सुनिश्चित करें सांसद की अध्यक्षता में हुई दिशा की बैठक

पन्ना। सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने कहा है कि सभी विभागीय अधिकारियों द्वारा आम जनता के हित में संचालित योजनाओं के वास्तविक क्रियान्वयन के लिए गंभीरतापूर्वक प्रयास किए जाएं। सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर शासकीय योजनाओं का लाभ मिले। सांसद एवं विधायक निधि से स्वीकृत परियोजनाओं के निर्माण कार्यों के समय सीमा में पूर्णता की कार्यवाही की जाए। मॉनिटरिंग के जरिए कार्यों की गुणवत्ता भी परखें। साथ ही निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई हो। खजुराहो सांसद श्री शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में उक्ताशय के निर्देश दिए। इस मौके पर पन्ना विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह सहित जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, जपं अध्यक्ष पवई मोहिनी मिश्रा एवं नगर परिषद पन्ना अध्यक्ष मीना पाण्डेय तथा संबंधित विभागों के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। सांसद श्री शर्मा ने जिले में विभागवार गतिविधियों के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के लंबित भुगतान की जानकारी लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए पात्र लाभार्थियों के दस्तावेज एकत्र कर शीघ्र भुगतान के निर्देश दिए। संबंधित परियोजनाओं से विस्थापित ग्रामवासियों को जल्द से जल्द मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधितों को हितलाभ वितरण जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कराएं।

सड़क मरम्मत के निर्देश

खजुराहो सांसद ने बैठक में एनएचएआई के अधिकारी को पन्ना देवेन्द्रनगर मार्ग का मरम्मत कार्य जल्द पूर्ण कराने के साथ ही मड़ला घाटी के पेंचवर्क को पूर्ण करने एवं कार्य की मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। प्रस्तावित एलिवेटेड रोड एवं बमीठा-सतना फोरलेन के निर्माण के संबंध में भी चर्चा की गई। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के क्रियान्वित कार्यों की जानकारी लेकर जनप्रतिनिधियों के संज्ञान में लाए बगैर एवं कुछ कार्यों को बिना कार्ययोजना तैयार किए प्रारंभ करने पर नाराजगी जताई और जिम्मेदार अधिकारी को कड़ी फटकार भी लगाई। इस संबंध में सभी निर्माण विभाग के अधिकारियों को भी स्वीकृत परियोजनाओं में कार्य आरंभ करने के पूर्व भविष्य की परिस्थिति में इनकी उपयोगिता का आकलन करने के लिए कहा। अधिकारियों को सभी कार्यों के संबंध में बेहतर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। सांसद श्री शर्मा ने दिशा बैठक में पन्ना-कटनी सड़क मरम्मत तथा अन्य सड़कों का शेष व मरम्मत कार्य भी समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिले की ग्राम पंचायतों में खेल मैदान की उपलब्धता एवं इन्हें अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए भी कहा। इसकी जानकारी जनप्रतिनिधियों के साथ भी साझा करने के निर्देश दिए। बैठक में डीपीसी को विद्यालयों में बालक एवं बालिका शौचालयों की स्थिति की जांच करने के साथ मरम्मत कार्य के लिए समाजसेवियों से भी सहयोग लेने के लिए कहा। सांसद ने जिले में निर्माणाधीन सीएम राइज विद्यालय की कार्य प्रगति की जानकारी लेकर कार्य को जल्द पूर्ण कराने के लिए कहा। सांसद श्री शर्मा ने बैठक में डीटी अस्पताल के बेस्ट को किलकिला में न डालने के लिए कहा। साथ ही मैस्कॉट हॉस्पिटल के पंजीयन को निरस्त कर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में कानून व्यवस्था के दृष्टिगत बेहतर एवं आवश्यक उपायों के संबंध में चर्चा की गई। इसके अलावा अवैध शराब विक्रय के विरुद्ध भी कड़ाई बरतने के निर्देश दिए। सांसद श्री शर्मा ने कहा कि किसानों के हितों को देखते हुए विद्युत सप्लाई एवं ट्रांसफार्मर खराब होने पर जल्द बदलने की कार्रवाई की जाए। इस दौरान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए।

केन-बेतवा लिंक परियोजना को लेकर वर्षों से चल रहे आंदोलन ने पकड़ा तूल

पवई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का स्वागत, बोले- अमेरिका के दबाव में हैं मोदी

पवई। केन-बेतवा लिंक परियोजना को लेकर वर्षों से चल रहे आंदोलन के बीच रविवार शाम कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी अचानक पवई पहुंचे। रात करीब 9 बजे उनके पवई आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए पटवारी ने केंद्र सरकार की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। वहीं, केन-बेतवा लिंक परियोजना के विरोध में आंदोलन कर रहे लोगों से मिलने पन्ना जाने की बात कही। पत्रकारों के सवाल पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के दबाव में हैं। उन्होंने ट्रेड डील का उदाहरण देते हुए कहा कि अमेरिका बार-बार प्रधानमंत्री पर दबाव बना रहा है। पटवारी ने केंद्र सरकार की नीतियों को लेकर सवाल उठाए। केन-बेतवा लिंक परियोजना को लेकर चल रहे आंदोलन के संबंध में उन्होंने बताया कि वह पन्ना जा रहे हैं, जहां वर्षों से आंदोलनरत लोगों से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि परियोजना के विरोध में लगातार आंदोलन करने वाले जिन लोगों को जेल भेजा गया था, उनके परिवारों से भी मिलने जा रहे हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के इस दौरे को परियोजना के विरोध में चल रहे आंदोलन के बीच महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वहीं, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार केन-बेतवा लिंक परियोजना को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भी जल्द पन्ना आने की संभावना है। हालांकि उनके दौरे की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

खबर संक्षेप

छतरपुर में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा, शिव तांडव और झांकियों ने मोहा मन



छतरपुर। महर्षि वाल्मीकि के प्रकटोत्सव के शुभ अवसर पर शहर में बाल्मीकि समाज द्वारा एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। यह शोभायात्रा ब्रह्माकुमारी आश्रम के पास स्थित बाल्मीकि चौराहे से गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ प्रारंभ हुई, जिसमें समाजजन झूमते-नाचते हुए शामिल हुए। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण जी और महर्षि वाल्मीकि के मनमोहक स्वरूपों की जीवंत झांकियां आकर्षण का मुख्य केंद्र रहीं। इसके अलावा, बाहर से आए कलाकारों द्वारा दी गई शिव तांडव की ओजस्वी प्रस्तुति और नंदी की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।रंजीत सारवान ने जानकारी देते हुए बताया कि ब्रह्माकुमारी आश्रम से शुरू हुई यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों छत्रसाल चौराहा, चौबे तिराहा, बस स्टैंड, चौक बाजार और महल परिसर से होती हुई पुनः बाल्मीकि चौराहे पर पहुंचकर संपन्न हुई। महर्षि वाल्मीकि के प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में दिनभर विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

पुलिस ने फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

छतरपुर। थाना भगवां पुलिस ने न्याय पथ अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 12 साल पुराने एक मामले में फरार चल रहे वसूली वारंट के वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को गिरफ्तार कर विधिवत कुटुम्ब न्यायालय में पेश कर दिया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना भगवां अंतर्गत वर्ष 2014 के एक प्रकरण में न्यायालय द्वारा पत्नी के भरण-पोषण के लिए तय की गई राशि अदा न करने पर अनावेदक के खिलाफ न्यायालय ने गिरफ्तारी हेतु वसूली वारंट जारी किया था। लंबे समय से फरार चल रहे इस वारंटी की तलाश पुलिस लगातार कर रही थी। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम ने फरार वारंटी नंदकिशोर लोधी, पुत्र टूड़ा लोधी, निवासी तमेरन खेरा, थाना भगवां को धर दबोचा। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उसे अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस पूरी कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में एसडीओपी बड़ामलहरा प्रकाश मिश्रा के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी भगवां निरीक्षक श्रद्धा शुक्ला के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक कल्याण सिंह, आरक्षक शीलेन्द्र सिंह और सत्येंद्र कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

जुआरियों पर एसपी का शिकंजा, जंगल में चल रहे फड़ पर रिजर्व पुलिस का छापा

जंगल के जुए में फंसा शिक्षा विभाग का बाबू! खरे ने बताया कायस्थ, अब निलंबन की बारी

खजुराहो के जंगल में 17 जुआरी पकड़ाए, करीब एक साल से चल रहे फड़ पर कार्रवाई में देरी को लेकर उठे सवाल, 67 हजार की जब्ती भी चर्चा में



छतरपुर। जंगल में जुए का फड़, पुलिस की दबिश और पकड़े गए जुआरियों में शिक्षा विभाग का एक बाबू! खजुराहो के जंगल में हुई कार्रवाई के बाद अब कमलेश खरे का नाम चर्चा में है। पुलिस ने जब जुआरियों को पकड़ा तो कमलेश ने अपना नाम कमलेश कायस्थ बताया, जबकि शिक्षा विभाग में वह कमलेश खरे के नाम से जाना जाता है। अब सवाल उठ रहा है कि आखिर नाम अलग बताने की वजह क्या थी? जिला शिक्षा अधिकारी पीके रैकवार ने पुष्टि की है कि कमलेश कायस्थ के नाम से पकड़ा गया व्यक्ति शिक्षा विभाग का बाबू कमलेश खरे ही है। पुलिस की जांच रिपोर्ट मिलते ही नियमानुसार निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। यानी अब पुलिस की रिपोर्ट पर विभागीय कार्रवाई का फैसला टिका है।

शिक्षा विभाग के इस कर्मचारी की जुए के फड़ पर मौजूदगी ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। चर्चा है कि छतरपुर से करीब 60 किलोमीटर से अधिक दूर खजुराहो के जंगल में जुए का फड़ लंबे समय से संचालित हो रहा था।

खजुराहो थाना क्षेत्र के जंगल में चल रहे जुए के फड़ को लेकर करीब एक साल से गतिविधियां जारी रहने की चर्चा है। स्थानीय स्तर पर पहले भी इसकी खबरें सामने आने की बात कही जा रही है। इसके बावजूद समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं हुई यह सवाल अब पुलिस की निगरानी व्यवस्था पर उठ रहा है। जुए के स्थान को लेकर खजुराहो और राजनगर क्षेत्र के बीच सीमा विवाद की चर्चाएं भी होती रही थीं।

बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा को गोपनीय सूचना मिली जिसके बाद रिजर्व पुलिस की टीम ने सीधे फड़ पर छापा मारा। कार्रवाई में 17 लोगों को पकड़ा गया। वहीं, करीब 15 लोगों के मौके से भागने की चर्चा है। अब फरार लोगों की पहचान और गिरफ्तारी पर नजर रहेगी। जुए के फड़ से 67 हजार रुपये जब्त किए जाने की जानकारी सामने आई है। हालांकि इस रकम को लेकर चर्चाएं हैं कि जुए में पुलिस द्वारा जप्त की गई रकम लाखों में है।

पटाखा फैक्ट्री में प्रशासन की दबिश सुरक्षा में लापरवाही पर फटकार

बारूद के कारोबार में लापरवाही नहीं चलेगी, तहसीलदार-टीआई सख्त



लवकुशनगर। दीपावली त्योहार को देखते हुए छतरपुर कलेक्टर मृणाल मीना एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने और किसी भी संभावित अप्रिय घटना को रोकने के लिए प्रशासन मुस्तैद, इसी कड़ी में रविवार की शाम लवकुश नगर तहसीलदार सुप्रिया बागरी और थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी की संयुक्त टीम ने मुड़ेरी गांव में संचालित पटाखा फैक्ट्री, और थोक गोदाम का औचक निरीक्षण किया।

इस औचक कार्रवाई से पटाखा व्यवसाई में हड़कंप मच गया। टीम ने फैक्ट्री और गोदामों में पहुंचकर सुरक्षा के तमाम इंतजामों का बारिकी से जायजा लिया और स्टॉक रजिस्टर से लेकर लाइसेंस तक के दस्तावेजों की सघन जांच की। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार सुप्रिया बागरी ने सबसे पहले पटाखा निर्माण और भंडारण के लिए जारी किए गए प्रशासनिक लाइसेंसों की वैधता की जांच की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षमता से एक किलोग्राम भी अधिक विस्फोटक सामग्री का भंडारण पाए जाने पर संबंधित संचालक के खिलाफ तत्काल सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाए।

थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी ने पुलिस बल के साथ फैक्ट्री परिसर में उपलब्ध अग्निशमन उपकरणों, पानी के टैंक और रेत से भरी बाल्टियों की उपलब्धता और उनकी कार्यशीलता को परखा। इसके साथ ही, फैक्ट्रियों में काम करने वाले श्रमिकों की सुरक्षा और रिहायशी इलाकों से तय दूरी के नियमों के पालन को लेकर भी संचालकों को सख्त हिदायत दी गई। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर सुरक्षा मानकों में आंशिक खामियां पाए जाने पर तहसीलदार ने संचालक को कड़ी चेतावनी दी और उन्हें दुरुस्त करने के लिए 24 घंटे का समय दिया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा दीपावली के त्योहार पर आम जनमानस की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

सेवानिवृत्त पंचायत समन्वय अधिकारी के वेतन-स्वत्वों का भुगतान अटका, जनपद सीईओ पर लगाए गंभीर आरोप



छतरपुर। जिले क़े नौगांव जनपद पंचायत में सेवानिवृत्त पंचायत समन्वय अधिकारी चंद्रकृपाल अहिरवार के वेतन एवं अन्य स्वत्वों का भुगतान लंबित होने का मामला सामने आया है। अहिरवार 31 अगस्त 2026 को शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। उनके आवेदन के अनुसार, अनुशासनात्मक कार्रवाई समाप्त किए जाने का उल्लेख होने के बावजूद मार्च और अगस्त 2026 के वेतन सहित अन्य देयकों का भुगतान नहीं हुआ है। जिला पंचायत छतरपुर ने 26 अगस्त 2026 को उनकी शिकायतों की जांच के लिए तीन सदस्यीय जिला स्तरीय समिति गठित कर तीन दिन में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। अहिरवार ने जनपद सीईओ पर कथित अनियमित कार्य में सहयोग करने का दबाव बनाने का आरोप भी लगाया है। उनका दावा है कि इनकार करने के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई और शिकायतों का सिलसिला शुरू हुआ। अब मामले में जांच की स्थिति, भुगतान में देरी के कारणों और संबंधित अधिकारियों की भूमिका को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

साइकिल चोरी की शिकायत पर राजीनामे का दबाव, झूठे छेड़छाड़ के केस में फंसाने की धमकी देने का आरोप



छतरपुर। साइकिल चोरी की शिकायत करना एक युवक के लिए परेशानी का कारण बन गया है। कोतवाली थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 5 निवासी परशु बुनकर ने आरोपी पक्ष की महिलाओं पर शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बनाने, झूठे छेड़छाड़ के मामले में फंसाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार 18 अक्टूबर 2026 को महोबा रोड स्थित कन्या छात्रावास के पीछे उसके घर से कथित तौर पर मजीद खान ने साइकिल चोरी कर ली थी। इस संबंध में उसने सिटी कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। युवक का आरोप है कि 26 अक्टूबर की सुबह करीब 10 बजे आरोपी की मां और बुआ उसके घर पहुंचीं और मामले में राजीनामा करने का दबाव बनाया। शिकायत वापस नहीं लेने पर अपनी पुत्री से छेड़छाड़ की झूठी रिपोर्ट दर्ज कराकर फंसाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप भी लगाया गया है।

वृंदावन की तर्ज पर सजे बांके बिहारी मंदिर, रात एक बजे तक चला शरद पूर्णिमा महोत्सव

महंत किशोर दास जू महाराज के सानिध्य में पड़रिया धाम और बकस्वाहा में हुए धार्मिक आयोजन, श्रद्धालुओं ने किए दर्शन



बकस्वाहा। बकस्वाहा एवं पड़रिया धाम में शरद पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। पड़रिया धाम स्थित बांके बिहारी जी मंदिर में वृंदावन से पधारे महंत श्री किशोर दास जू महाराज के सानिध्य में वृंदावन की तर्ज पर भव्य आयोजन किया गया। वहीं बकस्वाहा के बांके बिहारी जी मंदिर में भी धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। महोत्सव के दौरान भगवान बांके बिहारी जी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद आरती कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। देर रात तक मंदिरों में भक्तों की आवाजाही बनी रही और पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। पड़रिया धाम में उत्सव रात एक बजे तक चला।पड़रिया धाम स्थित बांके बिहारी जी का मंदिर बुंदेलखंड के प्राचीन धार्मिक स्थलों में शामिल है। मान्यता है कि इस मंदिर का निर्माण महाराजा छत्रसाल के समय हुआ था और वे भी यहां भगवान बांके बिहारी जी के दर्शन करने आते थे। ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व रखने वाला यह मंदिर आज भी क्षेत्र के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। शरद पूर्णिमा पर आयोजित महोत्सव ने क्षेत्र में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिकता का विशेष माहौल निर्मित किया।

जीतू पटवारी का एमपी सरकार पर तीखा हमला: जहरीली शराब, दूषित पानी और किसान मुद्दों को लेकर 1 नवंबर को दिल्ली में बड़े प्रदर्शन का ऐलान



छतरपुर। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने अपने अल्प प्रवास के दौरान प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। छतरपुर स्थित खेल ग्राम पहुँचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मीडिया व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जीतू पटवारी ने राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था की स्थिति और जनसमस्याओं पर सरकार को कटघरे में खड़ा किया। पटवारी ने हाल की घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सागर, मुरैना, देवास, छिंदवाड़ा, बालाघाट और इंदौर में जहरीली शराब तथा दूषित पानी के कारण कई लोगों की अकाल मौत हुई है, जो सरकार की घोर लापरवाही और प्रशासनिक विफलता को दर्शाती है। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश के किसानों की बदहाली पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज किसान खाद और बिजली के संकट से जूझ रहा है, फसलों का सही मूल्य नहीं मिल रहा है और कर्ज के बोझ तले दबकर आत्महत्या करने को मजबूर है। प्रदेश सरकार के खिलाफ अपनी लड़ाई को राष्ट्रव्यापी रूप देने की घोषणा करते हुए पटवारी ने बताया कि आगामी 1 नवंबर को दिल्ली में एक विशाल प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, ब्लॉक, मंडल और पंचायत स्तर के पदाधिकारियों के साथ-साथ वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। उन्होंने छतरपुर सहित पूरे प्रदेश से 20 से 30 हजार कार्यकर्ताओं को दिल्ली ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

अहिल्या उद्धार के बाद जनकपुरी पहुंचे श्री राम, शिव धनुष भंग होते ही गूंजे जयकारे, आसमान से हुई पुष्प वर्षा



महाराजपुर। नगर में आदर्श रामलीला नाटक मंडल महाराजपुर द्वारा रामचरितमानस पर आधारित रामलीला का अद्भुत और आकर्षक मंचन किया जा रहा है। प्रतिदिन रात 8 बजे से आयोजित इस मंचन को देखने के लिए नगर व आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

लीला के क्रम में अयोध्या से महर्षि विश्वामित्र के संग निकले प्रभु श्री राम ने अनुज लक्ष्मण के साथ सर्वप्रथम अपनी चरण रज से देवी अहिल्या का उद्धार किया। तत्पश्चात जनकपुरी पहुंचने पर महाराज जनक ने मुनि विश्वामित्र और दोनों राजकुमारों का भावपूर्ण स्वागत-सत्कार किया। गुरु की आज्ञा पाकर राम-लक्ष्मण जनकपुरी का बाजार भ्रमण करने निकले, जहाँ उनकी अनुपम सुंदरता देखकर नगरवासी भावविभोर हो गए। अगली सुबह गुरु पूजा हेतु पुष्प वाटिका पहुंचे प्रभु श्री राम की पहली मुलाकात माता सीता से हुई, जो वहां गौरी पूजन के लिए आई थीं।

स्वयंवर सभा में महर्षि विश्वामित्र के साथ पहुंचे दोनों तेजस्वी भाइयों को देख सभा में उपस्थित देव, दानव, गंधर्व और मानव रूप में आए राजा चकित रह गए। हालांकि अहंकारवश कुछ राजाओं ने उनका परिहास भी उड़ाया। स्वयंवर प्रारंभ होने पर जब बड़े-बड़े महाबली राजा शिव धनुष को हिला तक न सके, तब लंकापति रावण और वीर बाणासुर के बीच तीखा व तर्कपूर्ण संवाद हुआ, जिसे सुन दर्शक दीर्घा तालियों से गूंज उठी।

किसी के द्वारा धनुष न उठा पाने पर राजा जनक निराश हो गए और उन्होंने दुख में कहा कि लगता है पृथ्वी वीरों से खाली हो गई है। यह सुनते ही लक्ष्मण जी अत्यंत क्रोधित हो गए और उन्होंने राजा जनक की बात का पुरजोर खंडन करते हुए सभा में चुनौती दे डाली। स्थिति को संभालते हुए महर्षि विश्वामित्र ने शांत रहने का आदेश दिया और श्री राम को धनुष उठाने की आज्ञा दी। गुरु की आज्ञा पाकर प्रभु श्री राम ने शिव धनुष को नमन कर जैसे ही प्रत्यंचा चढ़ाई, धनुष खंड-खंड हो गया। धनुष टूटते ही पूरा पंडाल जय श्री राम के उद्घोष से गूंज उठा। इसके बाद माता सीता ने श्री राम के गले में वरमाला पहनाई। इस अलौकिक दृश्य पर दर्शकों ने भावविभोर होकर पुष्प वर्षा की और कलाकारों के अभिनय की जमकर सराहना की।

चंद्रनगर में शताब्दी वर्ष पर विराट कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन, ओजस्वी रचनाओं से गूंजा पंडाल



छतरपुर। चंद्रनगर में शताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर एक भव्य और विराट कवि सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। इस साहित्यिक समारोह ने क्षेत्र की संस्कृति, साहित्य और सामाजिक एकता की समृद्ध विरासत को एक नया आयाम दिया, जहाँ देश के प्रख्यात और मंचीय कवियों ने अपनी ओजस्वी वाणी व भावपूर्ण प्रस्तुतियों से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और गरिमामयी अतिथियों की उपस्थिति के साथ हुआ। इस विराट आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. यू.एस. पटेल ने शिरकत की। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. मनोज चौधरी, डॉ. मनोज कुशवाहा और डॉ. नवनीत तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिनकी मौजूदगी ने कार्यक्रम की गरिमा को और अधिक बढ़ा दिया।

ओज और रस से सराबोर कवि प्रस्तुतियां

कवि सम्मेलन के दौरान मंच पर पहुंचे देश के जाने-माने कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से समां बांध दिया। अतिथि कवियों में सुरेंद्र शर्मा सुमन, तृषान्त कुमार जोशी वारिद, श्री राजेश लखेरया, रूपनारायण पाठक अकेला, सुरेश श्रीवास्तव सौरभ, श्रीमती नम्रता शुक्ला, जीतेंद्र यादव जीत, हरिशंकर जोशी संतू, डॉ. आर.बी. पटेल अंजान, के.डी. त्रिपाठी, इंद्रजीत दीक्षित, सीताराम कुशवाहा अनुराग, डॉ. राकेश पटेल और प्रवेश तिवारी नवनीत ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। हास्य, व्यंग्य, वीर रस और श्रृंगार से सजी इन कविताओं ने पूरे वातावरण को साहित्यिक रंग में रंग दिया।

इस भव्य और विशाल आयोजन का सफल संचालन जाने-माने रचनाकार डॉ. सुरेश श्रीवास्तव सौरभ ने अपने अनूठे और ऊर्जावान अंदाज से किया। कार्यक्रम की रूपरेखा और सफलता के पीछे आयोजकों की टीम की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम का मुख्य आयोजन डॉ. राकेश पटेल द्वारा किया गया, जबकि संयोजन का जिम्मा तृषान्त कुमार जोशी वारिद् और सह-संयोजन का दायित्व दिबेश शुक्ला ने बखूबी निभाया।

कॉलेज चौराहे पर सड़क खुदाई से शहर जाम, डायवर्ट रूट भी ध्वस्त

चोरहटा बायपास-अगडाल मार्ग पर गड्ढे और धूल से लोग बेहाल

सुबह से शाम तक रेंगते रहे वाहन, अमहिया से मार्तण्ड तिराहे तक थमा यातायात



रीवा। शहर में सड़क निर्माण और बदहाल सड़कों ने यातायात व्यवस्था की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। कॉलेज चौराहे पर निर्माण कार्य के दौरान दोनों ओर सड़क की खुदाई से आवागमन के लिए सिर्फ एक लेन बची, तो इसका असर पूरे शहर पर पड़ा। सुबह से शाम तक चौराहे पर जाम लगता रहा और वाहनों को निकलने में एक घंटे से ज्यादा समय तक लग गया। यातायात का दबाव अमहिया मार्ग, रसिया मोहल्ला मोड़, शिल्पी प्लाजा और मार्तण्ड तिराहे तक पहुंच गया। दूसरी ओर, चोरहटा बायपास से अगडाल तक सड़क गड्ढों में तब्दील है। यहां उड़ती धूल से राहगीर, स्थानीय रहवासी और स्कूल के बच्चे परेशान हैं। शहर में एक तरफ निर्माण के दौरान यातायात प्रबंधन की चुनौती सामने आई, तो दूसरी तरफ खराब सड़कें लोगों की परेशानी बढ़ा रही हैं।

डायवर्ट रूट पर भी वाहनों का दबाव

कॉलेज चौराहे से यातायात को अमहिया मार्ग की ओर मोड़ने के कारण वैकल्पिक रास्तों पर भी दबाव बढ़ गया। अमहिया मार्ग, रसिया मोहल्ला मोड़, शिल्पी प्लाजा और मार्तण्ड तिराहे पर वाहन फंसते रहे। मार्तण्ड तिराहे पर तीन दिशाओं से आ रहे यातायात के मिलने से स्थिति और उलझ गई। एक चौराहे पर चल रहे निर्माण का असर कई प्रमुख मार्गों पर दिखाई दिया।

पैदल चलना तक मुश्किल, राहगीर परेशान

चोरहटा बायपास से अगडाल तक सड़क की हालत भी लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है। जगह-जगह गड्ढे होने से वाहनों के गुजरते ही धूल के गुबार उठते हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, धूल आसपास के विद्यालय की कक्षाओं तक पहुंच रही है, जिससे बच्चों को परेशानी हो रही है। पैदल चलना तक



मुश्किल है। शाम को मंदिर जाने वाले और टहलने निकलने वाले बुजुर्ग भी धूल से परेशान हैं। लोगों का कहना है कि कई बार अधिकारियों को समस्या बताने के बावजूद सड़क की स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। खराब सड़क के कारण दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। कॉलेज चौराहे पर निर्माण कार्य के दौरान सीमित मार्ग पर यातायात का दबाव संभालने और वैकल्पिक रास्तों पर सुचारु आवाजाही बनाए रखने की चुनौती सामने आई। वहीं अगडाल मार्ग की बदहाली सड़क रखरखाव पर सवाल खड़े कर रही है। शहरवासियों को राहत देने के लिए निर्माण स्थल पर प्रभावी यातायात प्रबंधन और क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत जरूरी है

कॉलेज चौराहे पर एक लेन, पूरे शहर में जाम

कॉलेज चौराहे पर सड़क निर्माण के चलते पहले गोलंबर के समीप सड़क को ऊंचा करने का काम चल रहा था। बुधवार को दोनों ओर खुदाई किए जाने से आवागमन के लिए सीमित जगह बची। मुख्य मार्ग पर वाहनों का दबाव अधिक होने के कारण सुबह से ही ही जाम की स्थिति बनने लगी। दिनभर वाहन फंसे रहे और लोगों को चौराहा पार करने में भारी परेशानी हुई

रेत के ढेर में मिली महिला की लाश, इलाके में सनसनी

एक दिन पहले जिंदा हालत में भट्टे के आसपास घूमती दिखी थी महिला, पहचान में जुटी पुलिस

रीवा। शहर के समान थाना क्षेत्र अंतर्गत चूना भट्टा इलाके में सोमवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब रेत के ढेर में एक अज्ञात महिला का शव मिला। महिला की उम्र करीब 30 वर्ष बताई जा रही है। शव मिलने की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची समान थाना पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और महिला की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई, फिलहाल इसका खुलासा नहीं हो सका है। जानकारी के मुताबिक, सोमवार सुबह कुछ श्रमिक चूना भट्टा क्षेत्र में रेत लोड करने के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान उनकी नजर रेत के ढेर में पड़ी महिला पर गई। पास जाकर देखने पर महिला मृत अवस्था में मिली। इसके बाद श्रमिकों ने आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई। महिला का शव मिलने की खबर से इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। सूचना मिलने के बाद समान थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।



एक दिन पहले जिंदा हालत में देखी गई थी महिला

बता दे घटनास्थल के आसपास रहने वाली एक महिला श्रमिक के मुताबिक, मृत महिला को रविवार शाम करीब 4 बजे चूना भट्टा क्षेत्र के आसपास टहलते हुए देखा गया था। उस समय महिला जीवित थी और उसके हाथ में एक पन्नी तथा पानी की बोतल थी। इसके बाद महिला के साथ क्या हुआ और वह रेत के ढेर तक कैसे पहुंची, इस बारे में फिलहाल कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। रविवार शाम महिला को जीवित देखे जाने और सोमवार सुबह उसका शव मिलने के बीच की परिस्थितियां जांच का अहम हिस्सा हो सकती हैं।

इलाके और बधाई की वसूली को लेकर किन्नरों के दो गुट भिड़े

दोनों पक्षों में मारपीट और गाली-गलौज के बाद थाने में घंटों चला हंगामा, वरिष्ठ किन्नरों की समझाइश से बनी सहमति

रीवा।

शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में किन्नरों के दो गुटों के बीच क्षेत्र केबीबी बंटवारे और बधाई-नेग की राशि लेने को लेकर विवाद हो गया । वार्ड क्रमांक 29 के तरहटी इलाके से शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट और हंगामे में बदल गया। दोनों पक्षों के बीच सड़क पर कहासुनी के बाद मारपीट होने की जानकारी सामने आई है। इसके बाद दोनों गुट शिकायत लेकर सिटी कोतवाली थाने पहुंच गए, जहां विवाद ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया। थाने के परिसर में दोनों पक्षों के बीच आरोप-प्रत्यारोप, नारेबाजी और हंगामे का दौर चलता रहा। स्थिति को संभालने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। अंततः वरिष्ठ किन्नरों ने हस्तक्षेप कर दोनों पक्षों के बीच बातचीत कराई, जिसके बाद आपसी सहमति बनने पर मामला शांत हुआ। मिली जानकारी के अनुसार, विवाद की मुख्य वजह क्षेत्र में बधाई और नेग लेने के अधिकार को लेकर सामने आई है। तरहटी क्षेत्र में रहने वाले स्थानीय किन्नरों का आरोप है कि उनका इलाका पहले से निर्धारित है। इसके बावजूद बाहर से आए कुछ किन्नर उनके क्षेत्र में पहुंचकर बधाई और नेग की राशि ले रहे हैं। स्थानीय पक्ष ने इसे अपने तय क्षेत्र में हस्तक्षेप बताते हुए आपत्ति जताई।

इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हुआ। पहले कहासुनी हुई और फिर मामला इतना बढ़ गया कि दोनों गुट आमने-सामने आ गए। आरोप है कि विवाद के दौरान दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज और मारपीट भी हुई। सड़क पर हुए विवाद के बाद दोनों गुट अपनी-अपनी शिकायत लेकर सिटी कोतवाली थाने पहुंचे। यहां दोनों पक्षों के बीच फिर से तनातनी शुरू हो गई। थाने के भीतर और परिसर में दोनों ओर से एक-दूसरे पर आरोप लगाए जाने लगे। देखते ही देखते हंगामे की स्थिति बन गई और काफी देर तक माहौल तनावपूर्ण बना रहा। थाने में हुए विवाद के दौरान आसपास लोगों की भीड़ भी जुट गई। दोनों पक्ष अपनी बात पर अड़े रहे, पुलिसकर्मियों ने दोनों पक्षों को शांत कराने और विवाद को आगे बढ़ने से रोकने का प्रयास किया। इसके बावजूद काफी देर तक गहमागहमी बनी रही।

बधाई-नेग की परंपरा के साथ क्षेत्राधिकार भी बना विवाद की वजह

किन्नर समुदाय में नवजात के जन्म, विवाह और अन्य मांगलिक अवसरों पर बधाई देने तथा नेग लेने की परंपरा लंबे समय से चली आ रही है।

लायंस नेत्र चिकित्सालय में 18 मरीजों का सफल ऑपरेशन

समय पर नेत्र जांच से बच सकती है आंखों की रोशनी : डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी

रीवा । आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद मरीजों के लिए रीवा लायंस नेत्र चिकित्सालय राहत का केंद्र बन रहा है। अब तक अस्पताल में मोतियाबिंद के 31000 से अधिक मरीजों का आपरेशन किया जा चुका है, वहीं इस वर्ष भी अबतक 1000 से अधिक मोतियाबिंद आपरेशन करने वाला रीवा का पहला अस्पताल है। जिला दृष्टिहीनता नियंत्रण समिति के सहयोग से चिकित्सालय में आयोजित मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर में बीते दिवस 18 मरीजों की आधुनिक फीको तकनीक से सफल सर्जरी की गई। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण नेत्र उपचार उपलब्ध कराना रहा। शिविर के दौरान विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सकों ने मरीजों की विस्तृत



जांच कर ऑपरेशन के लिए उपयुक्त मरीजों का चयन किया। इसके बाद आधुनिक उपकरणों की सहायता से सभी चयनित मरीजों की सफल सर्जरी की गई। ऑपरेशन के बाद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां, चश्मा, पौष्टिक भोजन और ठहरने की सुविधा उपलब्ध कराई गई। साथ ही मरीजों को नियमित रूप से अस्पताल आकर आंखों की जांच कराने तथा धूल, धुएं और आंखों पर दबाव या चोट लगने जैसी परिस्थितियों से बचने की सलाह दी गई। चिकित्सालय के अध्यक्ष डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी ने बताया कि अस्पताल में आधुनिक फीको तकनीक से मोतियाबिंद का उपचार किया जा रहा है। जिला दृष्टिहीनता नियंत्रण समिति के सहयोग से पात्र मरीजों को पूरी तरह निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को भी बेहतर नेत्र चिकित्सा का लाभ मिल रहा है। डॉ. चतुर्वेदी ने 50 वर्ष से अधिक आयु के लोगों से नियमित रूप से आंखों की जांच कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोतियाबिंद के लक्षण दिखाई देने पर लापरवाही नहीं करनी चाहिए और समय रहते विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लेकर उपचार कराना चाहिए। इस अवसर पर चिकित्सालय के उपाध्यक्ष एमजेएफ लायन अतुल जैन, एम जे एफ ला. अरुण अग्रवाल पी एम जे एफ लायन महेंद्र सराफ, लायंस क्लब अध्यक्ष राजेश गुप्ता, सचिव एमजेएफ संजय गुप्ता, ला.डॉ आरती गुप्ता, ला. ओमप्रकाश गौतम, एमजेएफ ला.बी के थापर, एमजेएफ ला.डी.पी. सिंह परिहार, ला. प्रो. विभा श्रीवास्तव, ला.विनोद पांडेय , अस्पताल प्रबंधक प्रखर गुप्ता, ज्ञानेंद्र पाठक, ऑप्थैल्मिक असिस्टेंट मीनाक्षी सिंह, प्रियंका शुक्ला, शालिनी सिंह, आशीष पाठक, नर्स राजदुलारी पटेल और सहायिका परवीन खान सहित अस्पताल का स्टाफ एवं मरीजों के परिजन उपस्थित रहे। मरीजों और उनके परिजनों ने निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार के लिए रीवा लायंस नेत्र चिकित्सालय के पदाधिकारियो एवं प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया।



जिला कृषि स्थायी समिति की बैठक संपन्न

रीवा ।

जिला पंचायत रीवा की कृषि स्थायी समिति की बैठक समिति की सभापति योगेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कृषि विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।बैठक में खरीफ वर्ष 2026-27 में फसलों के क्षेत्राच्छादन एवं उत्पादकता की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी रबी वर्ष 2026-27 में बोई जाने वाली फसलों के क्षेत्राच्छादन, विभिन्न कृषि योजनाओं की प्रगति तथा विकासखंडवार बीज भंडारण एवं उपलब्धता के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में किसानों को कृषि संबंधी योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने तथा विभागीय कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक चर्चा की गई। उद्यानिकी पशुपालन मत्स्य पालन कृषि अभियांत्रिकी एवं सहकारिता से संबंधित विभाग अंतर्गत संचालित समस्त योजनाओं का पालन प्रतिवेदन एवं आगामी सीजन में लक्ष अनुसार क्रियान्वयन अधिकारियों द्वारा योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन एवं किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही करने पर जोर दिया गया। कृषि विभाग के उपसंचालक श्री यू पी बागरी द्वारा बैठक का संचालन किया गया एवं समस्त विभागों के एजेंडावर बिंदुओं पर संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा हुई एवं भाग लिया गया।

अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग पर नगर निगम व पुलिस की कार्रवाई, 20 हजार से अधिक का चालान

सिरमौर चौराहे से न्यू बस स्टैंड तक चला संयुक्त अभियान

रीवा। शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने, सड़कों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त रखने तथा स्वच्छता नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम और यातायात पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया। इस दौरान सिरमौर चौराहा, राजकपूर ऑडिटोरियम से सिरमौर चौराहा मार्ग और न्यू बस स्टैंड ब्रिज क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। सड़क किनारे अवैध रूप से लगाए गए ठेलों, अव्यवस्थित पार्किंग, फुटपाथ पर कब्जे और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के सामने गंदगी मिलने पर संबंधित लोगों को समझाइश देने के साथ चालानी कार्रवाई भी की गई। अभियान के दौरान 20 हजार रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया। नगर निगम के उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी और यातायात विभाग के डीएसपी सत्यप्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई का उद्देश्य प्रमुख मार्गों पर लगने वाले जाम को कम करना और आम नागरिकों के लिए आवागमन की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करना रहा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों, ठेला संचालकों, वाहन चालकों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के संचालकों को निर्धारित नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। संयुक्त टीम ने राजकपूर ऑडिटोरियम से सिरमौर चौराहा जाने वाले मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान ओवरब्रिज के नीचे प्रतिबंधित क्षेत्र में पार्किंग व्यवस्था के बजाय सड़क किनारे ठेले और चाट-फुल्की के स्टॉल लगे मिले। इससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होने और आवागमन में बाधा उत्पन्न होने की आशंका थी। अधिकारियों ने मौके पर ठेलों और स्टॉलों को हटवाया तथा संबंधित क्षेत्र का उपयोग निर्धारित व्यवस्था के अनुसार पार्किंग के लिए करने के निर्देश दिए। नगर निगम की टीम ने न्यू बस स्टैंड के आसपास की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। यहां लगने वाले ठेला संचालकों को ओवरब्रिज के नीचे निर्धारित बैरीकेटिंग के भीतर ही ठेले खड़े करने के निर्देश दिए गए।कार्रवाई के दौरान सहायक यंत्री रमेश सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी मुरारी कुमार, दीपक सिंह तोमर, स्वच्छता निरीक्षक, अतिक्रमण प्रभारी, पुलिस बल और आईईसी टीम के सदस्य मौजूद रहे।

ज्ञानस्थली स्कूल के पास टैक्सी चालकों को चेतावनी

निरीक्षण के दौरान सिरमौर चौराहे के आगे ज्ञानस्थली विद्यालय क्षेत्र में बिना परमिट और अव्यवस्थित तरीके से खड़ी टैक्सियां तथा अन्य वाहन भी पाए गए। अधिकारियों ने वाहन चालकों को समझाइश देते हुए निर्धारित नियमों के अनुसार वाहन खड़े करने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी गई कि भविष्य में ऐसी स्थिति मिलने पर संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस क्षेत्र में वाहनों के अनियंत्रित तरीके से खड़े होने से सड़क पर आवागमन प्रभावित होने की समस्या को देखते हुए अधिकारियों ने व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया। यातायात नियमों का पालन करने और निर्धारित स्थानों पर ही वाहनों को खड़ा करने की हिदायत दी गई।

जिले में कैल्शियम कार्बाइड और अवैध कार्बाइड गन के उपयोग भंडारण एवं क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध कलेक्टर ने जारी किया आदेश

रीवा । जिले में आम नागरिकों की जान-माल, स्वास्थ्य, सुरक्षा, पर्यावरण और कानून व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी किया है। यह आदेश मध्यप्रदेश शासन, गृह (सी-अनुभाग) विभाग, भोपाल के पत्र के क्रम में कैल्शियम कार्बाइड एवं अन्य खतरनाक रसायनों के आयात, भंडारण, परिवहन और वितरण में वैधानिक नियमों का कड़ाई से पालन एवं सतत निगरानी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है। कैल्शियम कार्बाइड एक अत्यंत संवेदनशील, ज्वलनशील और विस्फोटक रसायन है, जिसका अनधिकृत भंडारण व दुरुपयोग जनसुरक्षा के लिए अत्यंत घातक सिद्ध हो सकता है।

जारी आदेश के अनुसार रीवा जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लागू कर दिए गए हैं। जिले के किसी भी क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति, संस्था, व्यापारी या पटाखा निर्माता/विक्रेता प्रतिबंधित प्रकार के पटाखे, आतिशबाजी तथा लोहे, धातु व पी.वी.सी. के पाइपों में विस्फोटक पदार्थ या कैल्शियम कार्बाइड भरकर अत्यधिक ध्वनि एवं धमाका उत्पन्न करने वाली अवैध संशोधित पटाखों यानी कार्बाइड गन का निर्माण, आयात, भंडारण, विक्रय, प्रदर्शन, वितरण या किसी भी रूप में उपयोग नहीं करेगा। इसके साथ ही, कोई भी व्यापारी, फर्म या लाइसेंसधारी व्यक्ति कैल्शियम कार्बाइड को सीधे अनधिकृत व्यक्तियों या खुले बाजार में आम उपभोक्ताओं को नहीं बेचेगा, और यह सामग्री केवल विधिवत अनुमत व लाइसेंसशुदा परिसर में ही लाई, रखी एवं उपयोग की जाएगी।

प्रशासनिक निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए जिला स्तर पर जारी समस्त फॉर्म लाइसेंसों (500 किलोग्राम से अधिक भंडारण क्षमता) तथा संबंधित रासायनिक गोदामों का राजस्व, पुलिस और संबंधित तकनीकी विभाग के संयुक्त दल द्वारा तत्काल भौतिक सत्यापन किया जाएगा। कैल्शियम कार्बाइड (संशोधन) नियम, 2021 के प्रावधानों के तहत सभी लाइसेंसधारी प्रतिष्ठानों को दैनिक प्राप्ति-बिक्री रजिस्टर का नियमित संधारण करना होगा, तथा संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी, कार्यपालिक दण्डाधिकारी व पुलिस अधिकारी ऐसे परिसरों का नियमित औचक निरीक्षण सुनिश्चित करेंगे। यदि किसी प्रतिष्ठान या गोदाम में लाइसेंस क्षमता से अधिक भंडारण पाया जाता है या अनधिकृत विक्रय व दुरुपयोग प्रमाणित होता है, तो पेट्रोलियम अधिनियम 1934, कैल्शियम कार्बाइड नियमों और विस्फोटक नियम 2008 के तहत संबंधित का लाइसेंस तत्काल निलंबित या निरस्त करने की विधिक कार्रवाई की जाएगी। यह एकपक्षीय आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है, जो आगामी 20 नवंबर तक प्रभावशील रहेगा। इस आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है, जिसका पालन अपने अनुभाग क्षेत्र में संबंधित एसडीएम और एसडीओ (पुलिस) द्वारा सुनिश्चित कराया जाएगा।

मऊगंज में शिक्षक सम्मान समारोह 2026 का हुआ आयोजन

विद्यालय के शिक्षको एवं संचालको को किया गया सम्मानित



मऊगंज मध्य प्रदेश प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा शिक्षकों के सम्मान समारोह का कार्यक्रम भव्य रूप में आयोजित किया गया इस आयोजन में बड़ी संख्या में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन जिला इकाई मऊगंज के पदाधिकारी व सदस्य गण पहुंचे प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन मऊगंज में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह 2026 का सोमवार को शगुन पैलेस का भव्य आयोजन हुआ समारोह में जिले के सभी विद्यालयों के संचालक और कार्यरत शिक्षक उपस्थित रहे, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन जिला इकाई मऊगंज द्वारा लगभग 250 संचालक व 1000 शिक्षकों का सम्मान किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि शिक्षक समाज का वह बल्ब है जो खुद जलकर दूसरों को घर में रोशन करता है साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जितना एक शिक्षक का सशक्त होना जरूरी है उतना ही एक छात्र कभी सीखने के प्रति समर्पण होना जरूरी है कार्यक्रम में रीवा सतना मऊगंज सीधी सिंगरौली के जिला अध्यक्ष उपस्थित थे पुष्प वर्षा कर शिक्षको को सम्मानित किया गया सम्मान में उपस्थित अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ एंव शाल से स्वागत किया और सभी स्कूल संचालकों व शिक्षकों को सम्मान पत्र एवं शाल प्रदान किए गए कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि जिला भाजपा के महामंत्री महेंद्र सिंह अतरैला उपस्थित रहे।

नईगढ़ी नगर परिषद की सड़कों पर बेलगाम बालू से भरे डंपर!

खनिज विभाग, यातायात पुलिस और जिला प्रशासन की निगरानी पर सवाल; दिन-रात भारी वाहनों की आवाजाही से आम लोगों की सुरक्षा चिंता का विषय

मऊगंज जिले की नईगढ़ी नगर परिषद क्षेत्र की सड़कों पर बालू से भरे डंपरों की लगातार आवाजाही को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय स्तर पर सामने आ रही शिकायतों के अनुसार, कुछ डंपर कथित तौर पर ओवरलोड बालू लेकर तेज रफ्तार और लापरवाही से गुजर रहे हैं। बिना नंबर प्लेट दिखाई देने वाले वाहनों तथा परिवहन दस्तावेजों की वैधता को लेकर भी जांच की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

नगर परिषद क्षेत्र में दिन-रात भारी वाहनों की आवाजाही के बीच सबसे बड़ा सवाल आम नागरिकों की सुरक्षा का है। आबादी वाले इलाकों और व्यस्त सड़कों से गुजरने वाले भारी वाहनों के कारण पैदल चलने वाले लोगों, दोपहिया वाहन चालकों, स्कूली बच्चों और अन्य राहगीरों के लिए जोखिम बढ़ सकता है। यदि वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक बालू लेकर चल रहे हैं या यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं, तो यह स्थिति संबंधित विभागों की सक्रिय निगरानी की मांग करती है।

बालू परिवहन में निर्धारित भार क्षमता का पालन करना आवश्यक है। ओवरलोड वाहन न केवल सड़क सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते हैं, बल्कि सड़कों को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि नईगढ़ी नगर परिषद क्षेत्र



में संचालित डंपरों के वजन की जांच कितनी नियमितता से की जा रही है। क्या परिवहन विभाग और यातायात पुलिस द्वारा इन वाहनों की गति तथा नियमों के पालन पर निगरानी रखी जा रही है?

यदि किसी वाहन को तेज रफ्तार या लापरवाही से चलाया जा रहा है, तो संबंधित अधिकारियों को शिकायतों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करनी चाहिए।

बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों की पहचान कैसे होगी?

वाहनों पर नंबर प्लेट का स्पष्ट और नियमानुसार लगा होना उनकी पहचान के लिए महत्वपूर्ण है। यदि कोई डंपर बिना नंबर प्लेट के सड़क पर संचालित हो रहा है, तो उसकी पहचान, स्वामित्व और परिवहन गतिविधियों की जांच आवश्यक है। इसी तरह बालू के परिवहन में वैध रॉयल्टी और ई-ट्रांजिट पास सहित लागू दस्तावेजों की जांच भी की जानी चाहिए।

हालांकि, किसी वाहन के पास दस्तावेज नहीं होने की पुष्टि संबंधित अभिलेखों और जांच के बाद ही की जा सकती है। इसलिए शिकायतों के आधार पर वाहनों की जांच कर वास्तविक स्थिति सार्वजनिक करना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

खनिज विभाग और प्रशासन से जवाबदेही की मांग

नईगढ़ी नगर परिषद क्षेत्र में बालू से भरे डंपरों की लगातार आवाजाही को देखते हुए खनिज विभाग, परिवहन विभाग, यातायात पुलिस और जिला प्रशासन को संयुक्त रूप से जांच करनी चाहिए। विशेष रूप से ओवरलोडिंग, बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों, परिवहन दस्तावेजों और निर्धारित यातायात नियमों के उल्लंघन की जांच की मांग की गई है।